>

Title: Need to check the sale of substandard seeds in the country.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): देश में बीज कम्पनियों द्वारा उन्नत किये जा रहे बीजों में भारी मिलावट के मामले सामने आये हैं। काश्तकार की जमीन में उत्पादन कम व लागत बढ़ रही है। जिसके चलते देश के काश्तकारों के हितों एवं विश्वास पर लगातार कुठाराघात हो रहा है।

भारतीय किसान कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते किसी भी फसल की पैदावार करने के लिए कठिनाई से उन्नत बीज व उर्वरक की व्यवस्था कर पाता है। मगर जब बीज का अंकुरण अच्छी तरह नहीं होता है तो किसान को उस बीज के नकली होने का ज्ञान होता है। हाल ही में कोटा के एक कार्यकर्ता ने सूचना के अधिकार के तहत उक्त सम्बन्ध में प्रमुख शासन सचिव (कृषि) राजस्थान को यथास्थिति से अवगत कराया तथा उन्होंने इस प्रकरण की जाँच के बाद इस मिलावट के खेल को बंद करने के लिए एक परिपत्र जारी किया। जांच के दायरे में देश की एक बड़ी बीज कम्पनी के बारे में पता चला है और अनियमितताओं के बारे में पता चला है।

सरकार से अनुरोध है कि निजी बीज कम्पनियों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जो बीजों में मिलावट के कार्य को अंजाम दे रही है।